हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 खेत में 4 से 5 बार दवा का छिड़काव फिर भी नहीं ..


13 खंडुवा में मनाया गया राष्ट्रीय पोषण माह

# करवा चौथ की तैयारी में जुटीं महिलाएं, चमका बाजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

तीज त्यौहार सीजन से बाजार गुलजार हो रहा है। 10 अक्टूबर को करवा चौथ है अब बाजार में रोनक दिखने लग गयी है। वहीं करवा चौथ पर्व दो दिन के बाद आ रहा है। बाजार में रौनक ज्यादा बढ़ गयी है। करवा चौथ पति पत्नी के बीच के प्रेम को दर्शाने है। वाला बेहद निष्ठा पूर्ण और श्रद्धाभाव से उपवास रखने वाला त्यौहार है।

इस त्यौहार को पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। प्राचीन काल से महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत करती आ रही है। करवा चौथ से पहले खरोरा नगर सहित अन्य क्षेत्रों के बाजारों में रौनक बढ़ गयी है।





## महिलाओं की खरीदारी से सौंदर्य प्रसाधनों और परिधानों की बढ़ी मांग

नगर के बाजार में इन दिनों बड़ी संख्या में महिलाएं खरीदारी करने पहुंच रही है। अपने पसंद की सौंदर्य प्रसाधन करने महिलाओं की भीड़ उमड़ी है। रेडीमेड, ज्वेलर्स दुकानों में भी खरीदार पहुंचने लगे हैं। वहीं नगर के ब्यूटी पार्लर में भी महिलाओं की भीड़ बढ़ने लग गयी है। करवा चौथ का सामान खरीदने के लिए महिलाएं बाजार पहुंच रही है। बाजार भी सज धज गया है। बाजारों में रौनक बढ़ रही है। महिलाएं करवा चौथ पर परंपरागत परिधान महिलाएं ही पसंद करती है, लेकिन साड़ी और चुनरी की भी बिक्री बढ़ी है। फैंसी स्टोर मनिहारी सामान की कीमतें पिछले साल की तुलना में बढ़ी है।

## खबर संक्षेप



### अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता आज से

**सेल।** ग्राम पंचायत मुड़पार (म) के आश्रित ग्राम मल्दी में 8 अक्टूबर से अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। यह आयोजन स्थानीय महामाया चौक में किया जा रहा है। 17 अक्टूबर को चढ़ौत्री एवं प्रतियोगिता तथा 18 अक्टूबर को सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा। मुख्य अतिथि मेलाराम साहू जिलामंत्री एवं जनपद सदस्य कसडोल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच दिव्या कुमार कैवर्त्य करेंगी। आयोजन में विजेताओं के लिए प्रथम पुरस्कार 15051 सहित 18 पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारीगण शामिल रहेंगे।

### अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार।** भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के वे आवेदक जिन्होंने अग्निवीर की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है और उक्त प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते है, वे इच्छुक आवेदक 17 अक्टूबर 2025 तक अग्निवीर थलसेना के ऑनलाईन पंजीयन फार्म एवं आधार कार्ड के साथ जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

### कार की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से बुलेट में सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हरपाल सिंह चावला निवासी वार्ड नंबर 21 क्लबपारा ने बताया कि 6 अक्टूबर की रात लगभग 8:45 बजे वह अपने बेटे सेतज चावला के साथ बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एमटी 6636 से खरोरा की ओर से महासमुंद आ रहे थे, जैसे ही खालसा ढाबा के सामने पहुंचे थे, तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 06 एचई 8881 के चालक दीपक ठाकुर ने कार को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये सामने से बुलेट को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, वे दोनों बुलेट सहित नीचे गिर गये। इससे चोटें आई है।

### बस आगे बढ़ा दी, गिरने से हुई यात्री की मौत

**महासमुंद।** चालक द्वारा बस को लापरवाही पूर्वक तेज गति से आगे बढ़ाने के चलते वाहन से उतर रहे एक यात्री की गिरने से मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी डमरूधर सिदार ने बताया कि 6 अक्टूबर को सुबह करीबन 80 बजे उसका बड़ा भाई निर्मल सिंह सिदार अपने साले संतोष सिदार का इलाज करवाने रायपुर गया था, अपने साले को अस्पताल में भर्ती करवाकर शाम को समलेश्वरी बस क्र सीजी13 एबी 5268 से वापस अपने घर आ रहा था। रात्रि करीबन 8 बजे एनएच 53 रोड में बस भंवरपुर मोड़ के पास पहुंची, जहां पर निर्मल सिंह सिदार बस से उतर रहा था।


## समस्या : खेतों में जलभराव से फसलों पर बीमारियों का प्रकोप तेज

# असामान्य बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता धान और सब्जियों की फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सहित बलौदाबाजार जिले में अक्टूबर महीने की असामान्य बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगातार हो रही वर्षा के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे धान की खड़ी फसल पर भूरा माहो, ब्लास्ट, शीथ ब्लाइट और बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट जैसे रोगों का तेजी से प्रकोप देखा जा रहा है। धूप नहीं निकलने से पौधे कमजोर पड़ रहे हैं, वहीं किसान लगातार कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के बावजूद राहत नहीं पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिनों से बीमारियों का असर लगातार बढ़ रहा है। जरूरत से ज्यादा बारिश की वजह से खेतों में पानी भरा हुआ है, जिससे धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं। फसल बचाने के लिए किसान बार-बार दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं, जिससे लागत लगातार बढ़ती जा रही है। धान के साथ-साथ सब्जियों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। खेतों में पानी भरने से लौकी, टमाटर, भिंडी और बैंगन जैसी सब्जियों की जड़ें गलने लगी हैं। किसान बताते हैं कि सब्जियों को बचाने के लिए भी कीटनाशक दवाओं का उपयोग दोगुना करना पड़ा है, जिससे लागत में भारी वृद्धि हुई है।

### कृषि विशेषज्ञ बोले- उत्पादन में 30% तक की गिरावट संभव



#### फसलों पर कीट प्रकोप की मार, किसान परेशान

पलारी। फसल को लेकर किसान ठीकठाक स्थिति में था लेकिन पखवाड़े भर से लगातार बारिश और मौसम के बदलते मिजाज से धान की फसल पर खासा असर पड़ा है धान की फसलों पर किट प्रकोप तेजी से फैल रहा जिससे किसान अब चिंतित नज़र आने लगा है। वही फसलों पर बीमारी तेजी से बढने से किसान 4 से 5 बार कीटनाशक छिड़काव कर रहे हैं जिससे फसलों पर किट प्रकोप का असर कम हो और फसल के पैदावारी में ज्यादा नुकसान न हो। गौरतलब हो कि हरहुना किस्म की धान की बालियां पूरी तरह से निकल आयी है वही माई धान भी निकल गयी है, कुछ किसान तो फसल काटने वाले ही थे कि लगातार हो रही बारिश ने किसानों के मंसूबे पर पानी ▸▸ शेष पेज 13 पर



#### तेज हवाओं और बारिश से फसल झुकने का खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि यह समय धान की फसलों के लिए अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि अधिकांश खेतों में फसल बाली निकलने और फूल आने की अवस्था में है। लगातार वर्षा और नमी से परागण प्रभावित होता है, जिससे खाली बालियां और अधपके दाने बनने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं तेज हवाओं और बारिश से फसल झुकने का खतरा भी बना हुआ है, जिससे कटाई के समय परेशानी आ सकती है। अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो 25 से 30% फसलों के उत्पादन कम होने की संभावना है।

#### समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने की घोषणा

वहीं 15 नवंबर से छत्तीसगढ़ सरकार ने भी समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने की घोषणा कर दी है। अगर धान के खेतों में नमी रहती है तो 15 नवंबर तक मंडियों में धान पहुंचने की संभावना भी कम ही है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिले वर्षा आंकड़ों के अनुसार— सुहेला में 1130.5 मिमी, पलारी में 1059.4 मिमी, सोनाखान में 940.7 मिमी, बलौदाबाजार में 936.2 मिमी, भाटापारा में 925 मिमी, लवन में 909.1 मिमी, कसडोल में 844.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# नकदी सहित 10 लाख का समान बरामद, 3 अपचारी बालक पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

04 अक्टूबर को रात्रि प्रार्थी राजेंद्र कुमार दुबे निवासी के.के.वार्ड के मकान में अज्ञात आरोपियों द्वारा दीवाल फांदकर, घर के चैनल गेट एवं दरवाजा में लगे ताला को तोड़कर, घर के कमरा अंदर दीवान में गद्दे के नीचे रखे अलमारी के चाबी से अलमारी को खोलते हुए उसमें लगे लाकर को तोड़ दिया गया तथा अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात व नगदी रकम 1,50,000 को चोरी कर लिया गया। कि रिपोर्ट पर शहर थाना मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

- सूने घर का ताला तोड़कर पार किए थे नकद व जेवरात
- सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों तक पहुंची भाटापारा पुलिस

पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। साथ ही प्रार्थी के निवास एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया, जिसमें 03 संदिग्ध घटनास्थल के आसपास दिखे, जिनकी पहचान करते हुए पुलिस द्वारा 03 अपचारी बालकों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के घर में चोरी करते हुए घर के अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किया गया।

आरोपियों द्वारा चोरी के समस्त सामान को श्रीराम कॉलोनी के पास खाली खेत के झाड़ी में छुपा दिया गया था जिसे तलाशी अभियान चलाते हुए बरामद किया गया प्रकरण में तीनों अपचारी बालकों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# त्योहारी सीजन में फिल्ड पर क़ानून व्यवस्था दुरुस्त रखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर ने मंगलवार क्रो समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने आगामी दीपावली सहित अन्य त्योहारों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में क़ानून व्यस्था दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि तहसीलदार,सचिव व कोटवार अलर्ट मोड़ पर रहे,प्रति दिन ऑल ओके रिपोर्ट लें। सभी एसडीएम शांति समिति की बैठक आयोजित करें। बड़े आयोजन जिसमें अधिक लोगों के एकत्रित होने की संभावना हो उसके लिए अनुमति लेना अनिवार्य करें।

- क़ानून-व्यवस्था से लेकर कृषि, बिजली और अतिक्रमण पर दिए स्पष्ट निर्देश

मीना बाजार या अन्य मेला आयोजन पर सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों का पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश क़ृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। इसीतरह डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं भौतिक सत्यापन कार्य जल्द पूर्ण करने राजस्व विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में लक्ष्य के विरुद्ध पैनल स्थापना ▸▸ शेष पेज 13 पर

### ठेले गुमटियों के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित करने के निर्देश

कलेक्टर ने लोक कल्याण योजना के तहत प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अभिलेख तैयार करने एवं नगरीय निकायों में ठेले गुमटियों के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित करने कहा। उन्होंने सड़क पर दुकान लगाकर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शिकायत शाखा, आदि कर्मयोगी अभियान, रजत महोत्सव, समय -सीमा के आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# शरद पूर्णिमा पर खीर का महाप्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भरूवाडीह

जय बाबा देव धर्म नगरी के नाम से प्रसिद्ध गौरव ग्राम रावन में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर समृद्धि और सुख-शांति की कामना की गई। ग्रामीणों द्वारा अमृतमय खीर के महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

दशहरा मैदान में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा जस झांकी का आयोजन किया गया, वहीं जसगीत समिति ने मांदर की थाप पर भक्ति गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मध्यरात्रि में कई स्थानों पर खीर वितरण का आयोजन हुआ। ग्रामीणों ने परिवार की कुशलता व समृद्धि की मनौती मांगी। पर्व की परंपरा के अनुसार खीर को चांदनी में रखकर उसमें काली मिर्च, देशी घी और नारियल गिरी मिलाई गई, जिसे औषधीय गुणों वाला प्रसाद माना गया। मान्यता है कि यह खीर शरीर को रोगों से मुक्त कर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है।



**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में संतोष यादव, विजय, कमलेश धीवर, पुरुषोत्तम यादव, रुपेश, मुकेश, रोशन, झग्गर सिन्हा, अजय, प्रकाश, त्रिदेव, जितेन्द्र और उपेंद्र धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र शरद पूर्णिमा की भक्तिमय छटा में डूबा रहा।

## जागरुकता सिर्फ दीवारों तक, धरातल पर नहीं दिख रहा असर

# धड़ल्ले से हो रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बावजूद धड़ल्ले उपयोग किया जा रहा है, जबकि इसका उपयोग पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन और स्थानीय निकायों को सख्त कार्रवाई करनी होगी।

- खुलेआम हो रही बिक्री, नगर पालिका की कार्रवाई शून्य

बलौदाबाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग आम बात है, खासकर सब्जी बाजार और किराना व जनरल दुकानों में खुलेआम इसका उपयोग किया जा रहा है । प्रशासन के द्वारा साल में 1 या 2 बार उसकी जब्ती की मुहिम चलाकर इतिश्री कर ली जाती है। जहां एक ओर आमजनो को इसके हानिकारक प्रभावों के विषय पर जागरूक करने के लिए अभियान चलाये जा रहे हैं जो सिर्फ मीडिया और भाषणों तक ही सीमित दिखते है।



### पालिका प्रशासन समय समय पर

कार्रवाई करते रहा है, किंतु त्योहारी सीजन की वजह से इसमें कुछ शिथिलता आई थी। आने वाले दिनों में हम सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों के विक्रेता एवं उपयोग में लाने वाले दुकानदारों के जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

-आशीष तिवारी, सीएमओ

### समस्या के कारण

जागरूकता की कमी लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। सख्त कार्रवाई की कमीः प्रशासन और स्थानीय निकायों द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। वैकल्पिक साधनों की कमीः सिंगल यूज प्लास्टिक के वैकल्पिक साधनों की कमी है। समाधान जागरूकता अभियानः लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाये जा सकते हैं। प्रशासन और स्थानीय निकायों को सख्त कार्रवाई करनी होगी। सिंगल यूज प्लास्टिक के वैकल्पिक साधनों को बढ़ावा देना होगा।

### धरातल पर दिख नहीं रहा काम


गौरतलब है कि बलौदाबाजार नगर में इस प्रकार का कोई भी प्रयास किसी भी प्रकार का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रमों कोई भी कार्य धरातल पर दिख नही रहा है कहीं-कहीं दीवाल लेखन पर ही बस जागरूकता स्लोगन लिख दिए गए है किंतु कार्रवाई की बात की जाए तो विगत कई महीनो से नगरी निकाय द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते बेधड़क होकर छोटे ठेले खोमचे वाले साथ ही किराना दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री एवं लेनदेन बड़ी मात्रा में की जा रही है। जहां एक तरफ बलौदाबाजार जिले में एक विशेष पहल की गई है जिसमे स्व सहायता समूह की महिलाएं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के जरिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रही हैं। वही दूसरी तरफ बेतहाशा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है जो अत्यधिक चिन्तनीय विषय है।

# मुड़पार में बदमाश कर रहे हैं एलईडी बल्ब पार, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार सरसींवां

मुड़पार में एल ई डी बल्ब चोरी करने की घटनाएं बढ़ रही है। पिछले साल कई घरों के बाहर लगे दर्जनों बल्ब को बदमाशों ने पार कर दिए थे, इस साल फिर चोरी की घटना सामने आ रही है। बीते दिनों गांव के किशोर कुमार साहू पिता गौतम प्रसाद साहू के यहां कई बल्ब को चोरी कर ले गए। किशोर ने थाना सरसींवां में शिकायत पत्र में बताया कि वे मुख्य मार्ग में साहू आटो पार्ट्स के नाम से दुकान संचालित करता है दुकान के बाहर कई एलईडी बल्ब लगे हुए थे जिसे अज्ञात चोर ने दिनांक 04-10-2025 रात्रि लगभग 12:00 बजे को पार कर दिए।

इन्होंने बताया कि इसके पहले भी ऐसी घटनाएं 4-5 बार हो चुकी है। इन्होंने सरसींवां पुलिस से उचित कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। इधर गांव वालों के अनुसार 12 बजे के बाद कुछ लोग शराब के नशे में गली-गली घूमते हैं और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। यदि रात्रि में पुलिस गस्त करेगी तो चोर जल्द पकड़ में आ सकता है। बल्ब चोरी की घटनाओं से मुड़पारवासी कई साल से परेशान हो गए हैं। गांव के लोगों ने रात्रि में पुलिस गस्त कराकर ऐसी वारदात पर अंकुश लगाने की मांग की है।



## खबर संक्षेप



### एसएसपी की बैंक के लीगल अफसरों संग बैठक

**रायपुर।** ऑनलाइन ठगी सहित ऑनलाइन जालसाजी रोकने आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एसएसपी लाल उमेद सिंह ने सभी बैंकों के लीगल हेड अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में शामिल अधिकारियों को बताया गया कि ठगी के शिकार लोगों को किसी अन्य बैंक में भेजने के बजाय उनकी शिकायत 1930 में कराकर रकम होल्ड कराएं। साथ ही ऑनलाइन जालसाजी रोकने कॉर्पोरेट अकाउंट खोलने में सावधानी बरतने के लिए कहा गया। पुलिस द्वारा मांगी गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने बैंक के लीगल अफसरों से कहा गया।

### टैंकर की चपेट में आने से युवती की मौत

**रायपुर।** राखी थाना क्षेत्र में टैंकर की चपेट में आने से एक दोपहिया वाहन सवार युवती की मौत हो गई। युवती मूल रूप से दुर्ग की रहने वाली है, वह नवा रायपुर में एक ड्राइविंग सीखने आई हुई थी। पुलिस के अनुसार टैंकर सीजी-26, जे-7077 की चपेट में आने से लीना देवांगन की मौत हो गई। लीना 4 अक्टूबर को ड्राइविंग सीखने तेंदुआ स्थित ड्राइविंग स्कूल गई हुई थी। वापस लौटने के दौरान तेंदुआ चौक के पास विपरीत दिशा से लापरवाही से टैंकर चालक ने वाहन चलाते हुए युवती की दोपहिया को ठोकर मार दी। युवती के सिर तथा शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रोड पार कर रही युवती की क्रेन से कुचलकर मौत

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में पैदल रोड पार कर रही एक युवती की क्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह साढ़े नौ बजे कमला प्रदीप मोगरे उरकुरा तिराहा से रोड क्रॉस कर रही थी। इस दौरान उरकुरा रेलवे फाटक से हाइवा क्रेन सीजी-04, क्यूएल-4197 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार क्रेन चलाते हुए युवती को कुचल दिया। क्रेन की चपेट में आने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

### तीन बदमाशों ने पता पूछने के बहाने होटल कारोबारी से की लूट

**रायपुर।** उरला थाने में एक होटल कारोबारी ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पता पूछने के बहाने तीन हजार रुपए नकदी, मोबाइल, एटीएम लूट कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदमाशों ने होटल कारोबारी पर चाकू से हमला कर लूट की है। घटना रविवार रात सिंघानिया चौक के आगे शराब भट्ठी रोड में हुई है। जनक यादव (23) ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। जनक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को सिंघानिया चौक स्थित उसके होटल में बाइक सवार तीन लड़के आए। होटल बंद करने के दौरान लड़कों ने उससे सिगरेट खरीदी। लड़कों के जाने के बाद जनक होटल बंद कर घर जाने लगा। इस दौरान रास्ते में तीनों लड़कों ने जनक का रास्ता रोक एक युवक के नाम पूछते हुए उसके बारे में जानकारी मांगी। जानकारी नहीं होने की बात कहने पर बाइक सवार लड़कों ने जनक के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर एक युवक पीछे से जनक के कंधे पर चाकू से वार किया।

### तुमगांव में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन, विद्यार्थियों की सीखने की दक्षता का मूल्यांकन तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस अभियान के माध्यम से अभिभावकों, शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों एवं ग्राम समुदाय को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ा गया।

# कलेक्टर ने निजी नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी केंद्रों के संचालन की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला समुचित प्राधिकारी

- निजी नर्सिंग होम संचालक एवं सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सकों की समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिले के समस्त निजी नर्सिंग होम संचालक एवं सोनोग्राफी केंद्रों में सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सकों का समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने विकासखंडवार निजी नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी केंद्रों के संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट व पीसी-पीएनडीटी) के माध्यम से समस्त नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी केंद्रों के वैध लाइसेंस, नवीनीकरण, फॉर्म एफ एंट्री तथा निरीक्षण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने समस्त केंद्रों से कानूनी अनुपालन जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्राधिकार, अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र, फायर ऑडिट आदि का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान के लिए नियमानुसार सामान्य जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपचार



सुविधा केंद्र रायपुर से अनुबंध या डीप पीट व शार्प पीट के माध्यम से करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने समस्त निजी नर्सिंग होम संचालकों को उनके संस्था में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निजी नर्सिंग होम संचालकों से किसी क्षेत्र विशेष में नशीली दवाओं के सेवन संबंधी केस तथा क्षेत्र विशेष में किसी विशेष प्रकार के रोग की अधिकता पाए जाने पर जिला प्रशासन को तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव द्वारा समस्त निजी नर्सिंग होम संचालकों को राष्ट्रीय कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि के शंकास्पद मरीज आने पर संबंधित विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्धारित मासिक प्रारूप में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत स्त्री रोग विशेषज्ञां एव रेडियोलॉजिस्ट से प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच में स्वेच्छापूर्ण तरीके से भागीदारी के लिए अपील की गई। साथ ही शासन के निर्देशानुसार बच्चों में कफ सिरप एवं कोल्ड मेडिकेशन का औचित्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, जिला नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट व पीसी-पीएनडीटी एक्ट), नीलू धृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त निजी नर्सिंग होम संचालक एवं सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सक मौजूद थे।

## धान पर बीमारी की मार, मुंडा अंचल के किसान बेहाल

# खेत में 4 से 5 बार दवा का छिड़काव फिर भी नहीं मिल पा रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंड़ा

अंचल में धान की फसल पर बीमारियों का प्रकोप जारी है। जिससे किसान चिंतित और काफी परेशान है। भूरा माहों झुलसा रोग और पेनिकल माइट रोग जैसी बीमारियों से धान की फसल को नुकसान हो रहा है। किसान इन बीमारियों को रोकने के लिए पिछले एक महीने से एक खेत में चार से पांच बार दवाई का छिड़काव कर चुके हैं और अभी भी दवा का छिड़काव कर रहे हैं लेकिन कोई खास फायदा नहीं हो रहा है। जिससे किसान चिंतित और परेशान है।

किसानों का कहना है कि इस बीमारियों की रोकथाम के लिए आखिर करें तो करें क्या। अंतिम समय में धान की फसल पर बीमारियों की कहर से उत्पादन कम होने की संभावना बताई जा रही है। वहीं किसानों की इस समस्या से संबंधित कृषि विभाग बेखबर हैं। बीमारियों के निदान के लिए दवाओं के बारे में किसानों को जानकारी नहीं मिल रही है। बढ़ती बीमारियों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।



### रूक नहीं रहा धान में चल रही बीमारियों का सिलसिला

सितंबर महीना गुजर चुका है। खेतों में लगी धान की फसल में 75 प्रतिशत बालियां निकल चुके हैं। दिवाली के बाद फसल पक कर तैयार हो जाएगा। परंतु पिछले एक महीने से धान में चल रही बीमारियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इन दिनों खेतों में सबसे अधिक भूरा माहों लाल बदरा (पेनिकल माइट ) धूरसा रोग का प्रकोप नजर आ रहा है। मुंडा के किसानों ने बताया कि इन दिनों किसान सबसे अधिक भूरामाहों धुरसा रोग और पेनिकल माइट जैसी बीमारी से काफी परेशान हो गए हैं।

### कम नहीं हो रही बीमारी

एक ही खेतो में चार से पांच बार दवाई का छिड़काव कर चुके हैं। फिर भी रोग रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खेतों में लगी धान की फसल को बचाने तीज त्यौहार से पहले दवा का छिड़काव करते आ रहे हैं। मुंडा के ही किसान दूजराम वर्मा ने बताया कि धान की फसल में पिछले वर्ष 3 हजार की दवाई का छिड़काव किया था। इस वर्ष बीमारियों की रोकथाम के लिए अभी तक 12 हजार से अधिक की दवाई का छिड़काव कर चुके हैं। लेकिन बीमारी कम नहीं हो रही है।

# गोड़ समाज के लोगों ने मनाया नवाखाई त्यौहार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

धान का कटोरा कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ अपनी परम्पराओं को लेकर जाना जाता है। धान रोपाई से लेकर फसल कटाई तक यहां के किसान विभिन्न प्रकार के सामूहिक उत्सव मनाते है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत सुढ़ेला में गोड़ समाज के लोगों ने गोड़वाना गोड समाज समुदायिक भवन सुढ़ेला में देव स्थल में पहुंचकर अपने ईष्ट देवी, देवताओं, प्राकृतिक शक्ति, पुरखा शक्ति को नमन कर नवाखाई त्यौहार हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व में आदिवासी समाज द्वारा नवा चावल को पत्ता में ईष्ट देव बूढादेव को अर्पित किया गया।

इसके बाद समाजजन एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया गया। वही, समाजजनों के द्वारा अपने-अपने घर के आंगन में शाम को दीप जलाया गया। इस नवाखाई पर्व को गोड़ समाज के द्वारा भाईचारा के साथ समस्त परिवार पुरखा की बीच मनाया गया। यहाँ के लोगों ने बताया कि धान की फसल में जब बाली आना शुरू होती है तो नवाखाई पर्व मनाया जाता है। किसानों का यह एक प्रमुख त्यौहार है। इस दिन घर में नए चावल नए धान के चावल को सबसे पहले कुलदेवी के समक्ष पूजा अर्चना की जाती है।

**ये रहे उपस्थितः** इस दौरान सागर सिंह ध्रुव, सुकलाल, मुकेश, फिरत, सहस ध्रुव, अवध ध्रुव, संतोष, राजेश, रूपेश, रामबिलास, प्रेमसिंग, विजय, कृष्णा, भूपेन्द्र, गेतराम, लतेलू, बिहारी, शत्रुहन, अजय समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# पूर्व स्पीकर गौरीशंकर ने राज भवन का लोकार्पण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम गातापार में कोसरिया यादव समाज लवन राज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर गौरीशंकर अग्रवाल ने किया । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यादव समाज भवन के लिए दस लाख व आहता निर्माण के लिए पांच लाख की घोषणा किया गया था जिसका विधिवत लोकार्पण हुआ, आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ में चहुँमुखी विकास हो रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार अपने वादे के मुताबिक महतारीं वंदन का पैसा सभी बहनों को मिल रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने सभी को शौचालय, आवास, किसानों का सरकार 15 नवम्बर से धान खरीदी होगा इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार बहुत सारी जनकल्याणकारी योजना चला रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव ने की।

### ये रहे उपस्थित

विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार सुलोचना यादव, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष नन्दकुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा केजुराम साहू, उपाध्यक्ष ब्रिजबाई वर्मा, तुलसीराम डहरिया, जिला महामंत्री भाजयूमो प्रशांत यादव, कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा और लक्ष्मण यादव सहित बडी संख्या में समाजिकबन्धु उपस्थित रहे।

# अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सेल।** ग्राम पंचायत साबर में 7 अक्टूबर को पूजा-अर्चना के साथ अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ सिदार चौक में किया गया। आचार्य भूपेश देव दूबे (देवरीकला) के सान्निध्य में आरंभ हुए इस आयोजन में पूरे गांव में रामनाम का गूंज उठी। मुख्य यजमान संजय कुमार साहू, अन्नपूर्णा देवी साहू, धनेश्वर पैंकरा एवं सुक्रिता पैंकरा रहे। प्रतियोगिता का समापन 17 अक्टूबर को सहस्त्रधारा एवं हवन के साथ होगा। प्रथम पुरस्कार 11001 सहित कुल 11 आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। आयोजन समिति अध्यक्ष इंद्रकुमार पैंकरा के नेतृत्व में हो रहा है, जिसमें ग्रामवासी उत्साहपूर्वक सहभागी बने हुए हैं।



# शरद पूर्णिमा पर अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रैताल और भदरसी में आयोजित शरद पूर्णिमा कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विधायक यादव ने ग्रामवासियों को शरद पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

शरद पूर्णिमा पर ग्राम रैताल और ग्राम भदरसी में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। आयोजित कार्यक्रम में विधायक यादव के पहुंचने पर ग्रामवासियों ने आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कार्यक्रम का शुभांरभ किया। अपने संबोधन में विधायक यादव ने शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के कार्यक्रम का होना बड़ी खुशी की बात है। इससे ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को अपने प्रतिभा प्रदर्शन का बढ़िया प्लेटफार्म मिलता है। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के कार्यक्रम करने से जो प्रतिभावान है उन लोगों के लिए अपनी प्रतिभा दिखने लिए बहुत ही बढ़िया माध्यम है।

# धान फसल में बढ़ते भूरा माहो कीट प्रकोप से किसान परेशान

**नर्रा।** बारिश और मौसम की उतार-चढ़ाव के चलते फसलों में कीट प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज बारिश के कारण पानी में खड़ी धान फसल डूब गए। वहीं छोटे किस्म धान में भूरा माहो कीट लग गया है। किसानों ने बताया कि बड़े किस्म का सरना धान को भूरा माहो, ब्लास्ट, माइंस, तनाछेदक कीटों जैसे बीमारी फसल को बर्बाद कर रहे है। दो से तीन बार कीटनाशक के छिड़काव के बाद भी राहत नहीं मिली। किसानों का कहना है कि इस रोग ने खेती की लागत राशि बढ़ा दी, इससे किसान परेशान है। नर्रा के किसान नैनसिंह यादव का कहना है कि सरना धान, जिसमें अभी बाली नही निकली है, पर मौसम की नमी के कारण भूरा माहो का प्रकोप है। दो से तीन बार दवाई का छिड़काव करने के बाद भी कीट नहीं मर रहे हैं। अभी तक पांच हजार रुपए की दवाई का छिड़काव कर चुका हूं।

इसी तरह नर्रा के किसान प्रभु राम पटेल का कहना है कि अर्ली वैरायटी एक एकड़ पके धान में भूरा माहो कीट लगने से फसल चौपट हो गया है। दो बार कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर चुका है। अभी भी जारी है। खड़ी धान फसलों में लगातार कीट प्रकोप के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

# वाटर फिल्टर प्लांट का नपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत द्वारा जलावर्धन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन वॉटर फिल्टर प्लांट का नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने संबंधित अधिकारियों के उपस्थिति में निरीक्षण किया। 5 वर्षों से निर्माण कार्य रुका हुआ था जिसे नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने अधिकारियों से मिल कर फिर से शुरू कराया है। 2010 के तात्कालिक अध्यक्ष गोपी साहू ने अमेठी से पलारी पानी लाने इसकी परिकल्पना किया था उसी वर्ष इसका प्रोजेक्ट बनाया गया था, जो आज तक अधूरा था अब नए वर्ष में शुरू हो जाएगा जिससे नगर वासियों को स्वच्छ जल मिलेगा।

निरीक्षण में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा सीएमओ मनोज बंजारा, इंजीनियर पुरुषोत्तम साहू जल विभाग के इंजीनियर संदीप लॉरेंज एवं तकनीकी स्टाफ रणजीत कुमार शामिल थे। यह



योजना नगर क्षेत्र में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है । जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के लिए आवश्यक उपकरण जैसे सेडिमेंटेशन टैंक, सैंड फिल्टर, क्लोरीनेशन यूनिट आदि की व्यवस्था पूर्ण की जा रही है। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने बताया कि योजना पूर्ण होने के बाद नगर के सभी वार्डों में प्रतिदिन शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। अतिरिक्त पाइप लाइन विस्तार के लिए भी मांग किया गया था जो स्वीकृत हो गया है जल्द ही पाइप लाइन विस्तार कार्य भी प्रारंभ होगा ।

# विधायक ने दिखाई मानवीय संवेदना, सड़क दुर्घटना में घायलों को स्वयं की गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

बिछिया गांव में मंगलवार को देर रात एक बाइक सवार की ठोकर से गांव के ही पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। संयोगवश उसी दौरान गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर खोखसा रवाना हो रही सरायपाली विधायक चातुरी नंद को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्काल अपनी गाड़ी रोककर घायलों की मदद की।

विधायक ने मानवीय पहल दिखाते हुए बिना किसी देरी के दोनों घायलों को अपनी निजी गाड़ी एवं अधिवक्ता के संघ के अध्यक्ष एडवोकेट पुरुषोत्तम पटेल के गाड़ी में बिठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली पहुंचाया। वहां पहुंचते ही उन्होंने चिकित्सकों को उपचार प्रारंभ करने के निर्देश दिए और घायलों की स्थिति की जानकारी स्वयं ली। ड्यूटी में तैनात डॉक्टर आयुष अग्रवाल ने तत्काल प्राथमिक उपचार किया और घायलों की स्थिति को देखते हुए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर रिफर किया। इस दौरान 108 एवं अन्य सरकारी एंबुलेंस की अन्यत्र होने के कारण मरीजों को विधायक चातुरी नंद की विशेष पहल पर निजी अस्पताल से एंबुलेंस की व्यवस्था कर रायपुर भेजा गया। विधायक चातुरी नंद ने यह सुनिश्चित किया कि घायलों को समय पर समुचित



चिकित्सा सुविधा मिले। विधायक तब तक अस्पताल परिसर में मौजूद रहीं, जब तक दोनों घायल मरीजों को रायपुर के लिए रवाना नहीं कर दिया गया।

मीडिया से बातचीत में विधायक चातुरी नंद ने बताया कि बिछिया में शरद पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मैं जब खोखसा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो रही थी, तभी मुझे सड़क पर बाइक सवारों की ठोकर से पति पत्नी के घायल होने की जानकारी मिली, मैंने मौके पर गाड़ी रुकवाई और जानकारी ली तब पता चला कि पिछले एक घंटे से दोनों सड़क किनारे ही घायल अवस्था में थे। परंतु, सूचना के बावजूद एंबुलेंस नहीं पहुंचा था। मैंने अपनी निजी वाहन और मेरे साथ गए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एडवोकेट पुरुषोत्तम पटेल की गाड़ी से दोनों घायलों को सरायपाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाई।

विधायक नंद ने कहा कि आम जनता के सुख दुख में सहभागी बनने का पूरा प्रयास करती हूं। जनसेवा सिर्फ मंच या भाषणों से नहीं, बल्कि ज़मीन पर किए गए कार्यों से साबित होती है। जब कोई संकट में हो, तो जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है कि वह सबसे पहले इंसान बनकर मदद करें। विधायक के इस मानवीय कदम की स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक चातुरी नंद ने जनप्रतिनिधित्व की सच्ची मिसाल पेश की है।

ग्राम बिछिया के दयाराम चौहान ने कहा कि ऐसे संवेदनशील जनप्रतिनिधि ही जनता के सच्चे हितैषी कहलाते हैं। विदित हो कि इससे पूर्व भी भंवरपुर रोड सहित कई सड़क हादसों में घायलों को विधायक चातुरी नंद ने अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाकर मानवता की नई मिशाल पेश की थी।

# किसानों ने किया 26 प्रकार की देसी धान प्रदर्शनी खेती का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

कल्प समाज सेवी संस्था के सहयोग से ग्राम महकम अर्जुनी एवं ग्राम पंचायत अर्जुनी (म) के आश्रित ग्राम सरायपाली में 26 प्रकार की देसी धान की प्रदर्शनी खेती की गई। इस प्रदर्शनी को देखने ग्राम बकरा, भिंभोरी, गुड़ागढ़, खोसडा, गिंडोला, दलदली, महकोनी, कसौंदी, अर्जुनी, गंजारडीह एवं सरायपाली के 52 किसानों ने भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान किसानों ने ग्राम महकम में प्रेमलाल सागर द्वारा श्री विधि से लगाए सिल्की धान का निरीक्षण किया। अर्जुनी में मिश्रित खेती (हल्दी, कोचई, अदरक, तिल, उड़द, मूंग) तथा सरायपाली में किसान संतोष जगत के खेत में लगाए गए 26 प्रकार के देसी धानों को देखा। किसानों ने धान की ऊंचाई, रंग, बाली एवं पौधों की दूरी का बारीकी से अवलोकन किया और स्वयं भी देसी धान लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सरायपाली में किसानों की बैठक हुई, जिसमें किसानों ने अपने जैविक खेती के अनुभव साझा किए। संतोष जगत ने प्रदर्शनी खेती की संपूर्ण प्रक्रिया बताई और कल्प संस्था के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। संस्था के कार्यकर्ता हरिशंकर डडसेना ने जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण और बीज बैंक की जानकारी दी। किसानों ने संस्था के कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

**जैविक पद्धति से प्रभावित हुए ग्रामीण**





## खबर संक्षेप

### महिला क्लर्क के घर से 25 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** नगर के वार्ड 3 में रहने वाली एक महिला के घर से 25 हजार रुपए के सामानों की चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को वार्ड नं 03 ईमलीभाठा निवासी व शिक्षा विभाग में सहायक ग्रेड-02 किरण पटेल ने बताया कि वह अपने मायके कोरबा गई थी, और घर की साफ सफाई के लिए राखी मानिकपुरी को रखी है, जो प्रतिदिन साफ-सफाई करने घर आती है। 5 अक्टूबर की सुबह 11 बजे जब राखी मानिकपुरी घर काम करने आयी, तब उसने देखा कि घर के मेन गेट का ताला लगा हुआ था, लेकिन उस गेट का अंदर से सिटकनी बंद था, जिसे वह किसी तरह खोलकर घर के अंदर गई और घर अंदर जाकर देखी तो सामान बिखरा हुआ था, दरवाजा टूटा हुआ था। जिसकी सूचना उसने प्रार्थिया को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद वह 9.30 बजे पहुंची और सामान चेक किया। सामान चेक करने पर घर में रखा हुआ 1 नग लैपटॉप एचपी कंपनी और 4 जोड़ी चांदी का पायल, गुल्लक में रखा हुआ लगभग 1500 रुपए, 1 नग ट्राली बैग, 4 नग पर्स में रखा हुआ दस्तावेज कुल कीमत 25000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। प्रार्थिया न बताया कि घर में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर उसमें चोरी करने वाले व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पेज 11 के शेष

### फसलों पर कीट...

फेर दिया है खेतो में पानी भरा है वही खेतो में पानी की धार बह रही है, किसान किसी तरह फसल काट लेंगे तो फिर रखने का झझट रहेगा वही किसानों की बजट और बढ़ेगी, वही किसानों को पके पकाए फसलों पर किट प्रकोप की चिंता खाए जा रही है। किसान विभीषण कनौजे और छन्नू लाल साहू ने बताया वे 5-5 एकड़ की किसानी करते हैं, इस दौरान अभी तक 4-4 बार किटनाशक दवाई का छिड़काव चुके हैं, अभी फसल कटने के पहले एक बार और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाएगा तभी फसलों को बचा पाएंगे उन्होंने बताया कि अभी तितली, माहू, धुरसा, बाल सूखा आदि किट प्रकोप से फसलों पर बीमारियों आई है।

### त्योहारी सीजन में ...

की समीक्षा करते हुए सीएसडीसीएल के अधिकारियो को आवेदक एवं वेंडर की बैठक कराने तथा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवेदन स्वीकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने योजना के लाभ के बारे में जानकारी देने सम्मेलन आयोजित करने भी कहा।

## बलौदाबाजार उप-जेल में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन, नगर पालिका अध्यक्ष ने किया संबोधित

# नशा मुक्त होने पर समाज आगे बढ़ेगा व सामाजिक सुधार भी होगा : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

स्थानीय उप जेल में जेल प्रशासन विभाग के द्वारा नशा मुक्ति पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा सभा हाल में बंदियों को संबोधित करते हुए नशा के दुष्प्रभाव व इससे होने वाले नुकसान के संबंध विचार व्यक्त किया गया, सर्व प्रथम उप-जेल में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन का जेलर अभिषेक कुमार मिश्रा के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया गया,व कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंडी सचिव एवं भाजपा नेता योगेश अग्रवाल का भी स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने जेल में आयोजित नशा मुक्ति के संबंध में कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में व समाज में नशा का बहुत दुष्प्रभाव देखने को मिलता है, आप सभी के समक्ष नशे के पश्चात किया गया अपराध के कारण ही जो सजा आपको मिली है उसके कारण आप व आपका पूरा परिवार प्रभावित होता है, आज का युवा नशे के जाल में फंसा हुआ है, अलग-अलग प्रकार के नशा करने की आदत से आज की पूरी जनरेशन लगातार नशे में लिप्त होती जा रही है, जिसके कारण युवा वर्ग अपराध की ओर बढ़ते जा रहा है।





### अपने बच्चों का ध्यान रखना बेहद जरूरी

नशापन से दूर रहने की बात कही गई व नशा से आप स्वयं के साथ परिवार को भी कष्ट देते हैं, इसलिए इसे दूर रहने की बात कही गई, नशा मुक्ति कार्यक्रम में उदबोधन पश्चात जेलर अभिषेक कुमार मिश्रा ने नशा मुक्त समाज की स्थापना के साथ ही युवा पीढ़ी के सुधरने पर अपराधिक घटनाएं कम होने की बात कहते हुए घर परिवार में अपने बच्चों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है, जिससे वे नशे के गन्दी आदतों से बच सकें व शिक्षा पर ध्यान दें यही बेहतर होगा, व कार्यक्रम के अंत में आमंत्रित अतिथि गणों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जेल में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जेल परिसर में जेल पुलिस स्टाफ एवं अन्य अधिकारी व जेल कर्मचारी गण व बंदी उपस्थित थे।

### सस्ते नशे के आदि हो रहे हैं लोग

नशा के लिए शराब और सिगरेट के अलावा अलग-अलग माध्यमों से सस्ते नशा के लोग आदि होते जा रहे हैं, आज आप सभी को सुधार की दिशा में आगे बढ़ना है, साथ ही अपने साथ अपने दोस्त सगे संबंधी को भी इससे दूर रखने का प्रयास करना है, आप जब भी यहां से बाहर निकलोगे तो नशे से अपने आप को मुक्त रखें तभी आपके समाज समुदाय और परिवार की प्रगति हो सकेगी। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कृषि उपज मंडी के पूर्व सचिव भाजपा नेता योगेश अग्रवाल व गुरुदत्त तिवारी उपस्थित थे इस दौरान योगेश अग्रवाल के द्वारा भी नशा मुक्ति के संबंध में कैदियों के समक्ष अपने विचार रखे गए।

# खंडुवा में मनाया गया राष्ट्रीय पोषण माह



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

ग्राम पंचायत खंडुवा में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 एवं 02 तथा आश्रित ग्राम चुटचुटिया द्वारा संयुक्त रूप से विविध पोषण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे और महिला एवं बाल विकास विभाग, सिमगा की पर्यवेक्षिका उपस्थित रहीं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बंजारे ने महिलाओं को पोषण आहार की महत्ता और संतुलित भोजन के लाभों के बारे में विस्तार से समझाईश दी।

जनपद सदस्य टोंडे ने गर्भवती महिलाओं को सही पोषण अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जाँच करवाने की सलाह दी।

साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, सिमगा की पर्यवेक्षक नेहा सोनवानी ने राष्ट्रीय पोषण माह के महत्व और महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण शपथ, पोषण प्रदर्शनी, और स्थानीय पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। गर्भवती एवं धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं तथा बच्चों को एनीमिया से बचाव, स्तनपान के महत्व और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने "सही पोषण – देश रोशन" के संदेश को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में समुदाय की महिलाओं, बच्चों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# पिसीद सहकारी समिति की हुई वार्षिक आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिसीद में वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन रखा गया था। 6 अक्टूबर दिन सोमवार स्थान प्राथमिक साख सहकारी समिति पिसीद 1314 में वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन किया गया। सरस्वती माता एवं भारत माता वामन राव लाखे का छायाचित्र पर फूल गुलाल श्रीफल अगरबत्ती से पूजा अर्चना कर आमसभा का शुभारंभ हुआ जिसमें एक साल का वार्षिक आय व्यय एवं आगामी विकास कार्यो की जानकारी दिए।

- वार्षिक आय-व्यय लेखा का हुआ वाचन, विकास कार्यों पर हुई चर्चा



जिसमें मुख्य रूप से प्राधिकृत अधिकारी कृष्ण कुमार पटेल, समिति प्रबंधक तरुण कुमार वैद्य, कार्तिक बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत पिसीद, ओमप्रकाश वर्मा जी सरपंच ग्राम पंचायत साबर, शुक्रिया पटेल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पिसीद, लेखराम साहू पूर्व अध्यक्ष प्राथमिक साख सहकारी समिति पिसीद, चोटीराम कैवर्त्य मंडल कोषाध्यक्ष कटगी, मोहन पटेल वरिष्ठ किसान रामखिलावन वर्मा वरिष्ठ किसान, कामता प्रसाद पटेल किसान एवं अन्य किसान भाइयों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए लोग उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

बिजली बिल के बोझ से मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने हेतु पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने लोग उत्साहित हैं। अब तक 1700 लोगों ने आवेदन किया है जिसमें से 331 लोगों ने अपने छत पर सोलर पैनल लगवाकर योजना का लाभ लिया है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा एक किलोवाट सोलर सिस्टम पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तथा तीन किलोवाट से दस किलोवाट तक के संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है।

- अब तक 331 लोगों ने लगवाए सोलर पैनल



इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन ने भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 30 हजार रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गत 8 सितम्बर को रायपुर स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम से इसका शुभारंभ कर लाभार्थियों को सब्सिडी राशि का अंतरण किया। इस प्रकार तीन किलोवाट तक के संयंत्र पर केंद्र की 78 हजार और राज्य की 30 हजार रुपए की दोहरी सब्सिडी उपलब्ध है। योजना को और सुगम बनाने के लिए 20 से अधिक बैंक और वित्तीय संस्थान छह से सात प्रतिशत की ब्याज दर पर सोलर लोन भी उपलब्ध करा रहे हैं, जिसके अंतर्गत परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तक वित्तपोषण संभव है। उपभोक्ता अब न केवल अपने घरों के लिए मुफ्त बिजली का लाभ उठा सकेंगे बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर आय भी अर्जित करेंगे और वास्तविक अर्थों में ऊर्जा दाता बनेंगे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी
शो समय - 03:00, 06:00, 9:00 PM
गुरु बालकदास
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### टीकाराम की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा व चबूतरा उद्घाटन

**खरोरा।** ग्राम केशला (खरोरा) निवासी स्वर्गीय टीकाराम देवांगन जी का वार्षिक श्राद्ध, पिंडदान एवं हवन पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और भावनाओं के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 11 बजे से आरंभ हुए कार्यक्रम में परिवारजन, रिश्तेदार और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। । कार्यक्रम का आयोजन स्व. टीकाराम देवांगन के सुपुत्र कमलेश, अनिल और संदीप देवांगन द्वारा किया गया। परिवार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में नवापारा के दो खिलाड़ियों का हुआ चयन





सिमगा । स्कूल शिक्षक विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वालीबॉल स्पर्धा में सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस बारे में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक व कोच वीरेंद्र पटेल ने बताया कि शालेय क्रीडा स्पर्धा के अंतर्गत मिनी आयु वर्ग में कक्षा 9 वी से साहिल ध्रुव पिता खूबीराम ध्रुव वहीं बालिका वर्ग में कक्षा 8 वी से साक्षी ध्रुव पिता हेमंत ध्रुव का चयन होने से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह है। ये दोनों खिलाड़ी रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे, उक्त आयोजन 5 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक रायगढ़ के स्टेडियम में आयोजित है, जहां राज्य भर के सभी संभागों की टीमें अपना- अपना खेल जौहर दिखाएंगे । नवापारा स्कूल के इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य गणेशराम घीतकर, सिमगा जनपद अध्यक्ष दौलतपाल, सरपंच डोमर सिंह मारकंडे, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, ठाकुर राम साहू, ललिता वर्मा, संकुल समन्वयक फलेंद्र कैवर्थ, बलौदाबाजार खेल संघ के पदाधिकारी आदित्य सिंह सहित क्षेत्र वासियों ने शुभकामनाएं दी है।

## निधन

### डोमार सिंह नायक



**बंगोली ।** ग्राम बंगोली निवासी डोमार सिंह नायक (65) पिता स्व. अलखराम नायक का आकस्मिक निधन दिनांक 6 अक्टूबर सोमवार को हो गया, जिसका अंतिम संस्कार बिरगॉव रायपुर के मुक्तिधाम मे किया गया । अंतिम संस्कार मे स्वजातीय सहित अन्य लोग शामिल रहे । वे भारती नायक के पति, राकेश नायक के पिता तथा उधोराम नायक, सुरेश नायक के अग्रज एवं सागर, संजू (जितेंद्र) नायक के बड़े पिता थे ।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी प्रासंगिक : शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- रामायण के माध्यम से समाज को मिला मर्यादा व मानवता का संदेश

महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में भाटापारा शहर के वाल्मीकि नगर, शक्ति वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल होते हुए महार्षि वाल्मीकि के आदर्शों को आज भी प्रासंगिक बताया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि रामायण के माध्यम से समाज को आदर्शों, मर्यादा और मानवीयता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि समाज का हर वर्ग बिना किसी भेदभाव के एक साथ आगे बढ़े और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले।

शिवरतन शर्मा ने कहा की महर्षि वाल्मीकि ने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज की वास्तविक शक्ति उसमें निहित करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में है। उन्होंने उस युग में भी बताया कि किसी की उत्पत्ति नहीं, बल्कि उसका कर्म ही उसकी पहचान है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यही भाव अंत्योदय के रूप में साकार हो रहा है जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की हर किरण पहुंचाना ही हमारा धर्म है।

### भाटापारा के वाल्मीकि नगर में आयोजित हुआ जयंती कार्यक्रम



#### सात्विकता की अद्भुत मिसाल है महर्षि वाल्मीकि का जीवन

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की महर्षि वाल्मीकि ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के जीवन चरित्र को सुन्दर रचना का रूप देते हुए समग्र संसार को सत्य, धर्म, प्रेम, त्याग और न्याय से अवगत कराया है। उनका स्वयं का जीवन भी सात्विकता की अद्भुत मिसाल है, महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि जब हर व्यक्ति को अवसर और सम्मान मिलेगा, तभी समाज और राष्ट्र सच्चे अर्थों में विकसित होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पवन वर्मा, पार्षद प्रत्येश राठौर, सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

# संसार के अंत तक श्रद्धा और आदर से लिया जाता रहेगा महर्षि वाल्मीकि का नामः इन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

महर्षि वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के प्राकट्य दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली गई शोभा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने शामिल होकर सामाजिक जनों को बधाई दी और कहा कि जब संसार रहेगा तब तक महर्षि वाल्मीकि का नाम श्रद्धा और आदर के साथ लिया जाएगा। महर्षि वाल्मीकि जी ने हमें सिखाया कि मनुष्य का जन्म नही बल्कि उसका कर्म उसे महान बनाता है। वाल्मीकि जी की रामायण केवल एक कथा नही बल्कि मानवता, धर्म और आदर्श जीवन का मार्गदर्शन है।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि प्रथम महाकाव्य रामायण के रचनाकार आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ही थे,जब तक जीवन चलता रहेगा महर्षि वाल्मीकि का नाम पूरे आदर, सम्मान और श्रद्धा के साथ लिया जाएगा।श्री साव ने कहा कि एक आवंछित व्यक्ति के कहने पर जब माता सीता को वन में छोड़ा गया तो माता सीता को महर्षि वाल्मीकि ने अपने आश्रम में पनाह दी जहा उन्होंने लव कुश को वहीं जन्म दिया। साव ने आगे कहा कि वाल्मीकि समाज एक मेहनत कश समाज है, अपने कार्यो और दायित्वों के प्रति ईमानदारी पूर्वक यह समाज लगातार देश, प्रदेश और नगर की सेवा करते आ रहा है। आज के इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज मे, शिक्षा और सद्भावना का प्रचार करें । गरीबो, दलितों, वंचितों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करें ।

इस अवसर पर नितिन डागोर संदीप डागोर शक्ति वार्ड पार्षद प्रत्येश राठौर गोविंदा चौहान, शंकर लाल झंझोठे परदेशी चौहान, अनूप डागोर, सरजू थनेश्वर, शिवा चौहान, डोमन राठौर, सुमीत गुजरतिया, राजहंस गुजरतिया, सुरेंद्र डागोर, जितेन्द्र डागोर, श्यामू चौहान कमलेश राठौर, कमल राठौर, राजा चौहान, समीर चौहान, संजय चौहान सहित समाज के बड़े बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे।



#### धूमधाम और श्रद्धा से मनाई गई जयंती

विदित हो कि शरद पूर्णिमा की तिथि पर वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा से मनाई जाती है। जयंती के एक दिन पूर्व सामाजिक जनों ने राम जानकी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वाल्मीकि नगर में जाकर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में विधायक इंद्र साव के शामिल होने पर समाज के लोगों ने हर्ष जताते हुए उनका स्वागत किया।

## हर्षोल्लास से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती व शरद पूर्णिमा

**खरोरा।** संस्कृत भारती महानगर रायपुर इकाई के तत्वावधान में रावतपुरा कॉलोनी फेस-2 केला बाड़ी में महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्कृत भारती रायपुर महानगर अध्यक्ष डॉ. लूनेश कुमार वर्मा ने किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महर्षि वाल्मीकि का पूजन किया गया तथा डॉ. दिव्या देशपांडे ने राम रक्षा स्तोत्र का पाठ कराया, जिससे वातावरण राममय हो उठा।




कार्यक्रम में डॉ. लूनेश वर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, रामायण की रचना एवं संस्कृत भाषा के प्रचार में संस्कृत भारती की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि जी ने संसार को प्रथम महाकाव्य 'रामायण' प्रदान किया, जिससे उन्हें 'आदिकवि' कहा गया।

मुख्य वक्ता डॉ. प्रवीण झाड़ी ने शरद पूर्णिमा की वैज्ञानिक व सांस्कृतिक महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन चंद्रमा की किरणें औषधीय गुणों से युक्त होती हैं। कार्यक्रम में प्रतिकूल मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राकेश शर्मा, तिलेंद्र कुंडेश्वर, सुनीता कुंडेश्वर, प्रियेश तिवारी, मनहरण लाल देवांगन, पारस साहू, राजेश राजपूत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राम जी निषाद ने किया।

## रामायण समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम मुसुवाडीह (नवागांव) में तीन दिवसीय रामायण समारोह के समापन के अवसर पर शामिल हुए विधायक इन्द्र साव ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों द्वारा आयोजित रामायण समारोह का यह 35 वां वर्ष है। जहां मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी का जीवन हमें सिखाता है कि जीवन में कितना भी संघर्ष क्यों न हो सत्य, धर्म और आदर्शो का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। श्रद्धा और विश्वास से ही जीवन में सफलता मिलती है।


श्री साव ने कहा रामचरितमानस हमें यह भी सिखाता है कि परिवार, समाज और राष्ट्र सबका कल्याण तभी संभव है, जब हम सब में परस्पर प्रेम, सहयोग और करूणा बनी रहे। आज के इस युग में जब जीवन की रफ्तार तेज हो गई है, तब रामचरितमानस हमें रूककर सोचने, अपने आचरण को सुधारने और दूसरों के हित के लिए जीने की प्रेरणा देता है। अंत में कहा हम सब श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और अपने समाज, अपने गांव, अपने प्रदेश को रामराज्य की दिशा में ले जाने सहभागी बने। ग्रामीणों की मांग पर विधायक इन्द्र साव ने रंगमंच निर्माण एवं रामायण आयोजन समिति को वाद्ययंत्र प्रदान करने की घोषणा किए।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच नीरा कोसले, कमेलश यदु, छबीराम साहू, दाउराम साहू, केवल यदु, धर्मेन्द्र कोसले, संजय यदु, मोहन निषाद, ओंकार साहू, सत्यजीत शेंडे ,विवेक यदु, रोहित निषाद, रिखी पोर्ते राजेन्द्र साहू, टेकराम साहू, परदेशी, कुलेश्वर साहू, प्रभु यदु, सभी पंच, उपसरपंच सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## हिंदू जागरण मंच के जिला सहसंयोजक बने संतोष सिंह

**बलौदाबाजार।** हिंदू जागरण मंच बलौदाबाजार द्वारा संगठन की मजबूती और सुचारु कार्य संचालन के उद्देश्य से संगठन का विस्तार किया गया है। जिला संयोजक थानेश्वर वर्मा ने प्रांत संयोजक अवधेश दुबे की सहमति और प्रांत संगठक राजेश भार्गव की अनुशंसा पर सरदार संतोष सिंह चावला को बलौदाबाजार जिले का सहसंयोजक नियुक्त किया है।जिला संयोजक वर्मा ने कहा कि चावला की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यों में गति आएगी। वहीं, अपनी नियुक्ति पर सरदार संतोष सिंह चावला ने कहा कि वे संगठन को और सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और पूर्व की तरह सक्रिय योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर पारस ताम्रकार, पंकज वर्मा, सागर वर्मा, अखिलेश्वरी शुक्ला, कौशल्या वर्मा, सुशील सराफ, अमित वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, जामवंत वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, शिशिर त्रिवेदी, केश कुमार जायसवाल, आरती सराफ, रीटा केशरवानी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।



## संस्कृति महोत्सव में चमकीं बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शिशु मंदिर खरोरा एवं शासकीय शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा के विद्यार्थियों ने संस्कृति महोत्सव 2025-26 में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्राएँ कनक देवांगन एवं सौम्या वर्मा का चयन आगामी क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 12 से 14 अक्टूबर तक जबलपुर-देवास में आयोजित होगी।

विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।.



रंगोली प्रतियोगिता (बाल वर्ग) में कनक देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तात्कालिक भाषण (तरुण वर्ग) में सौम्या वर्मा ने प्रभावशाली वक्तव्य से प्रथम स्थान हासिल किया। मूर्तिकला (किशोर वर्ग) में छबी धीवर द्वितीय रहीं, गीता पाठ में जितेश दुबे ने सराहनीय प्रदर्शन किया तथा निबंध प्रतियोगिता (तरुण वर्ग) में भूमिका बंजारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य अश्वनी पाटकर ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

## नेवरा इकाई साहू समाज के चुनाव में अधिवक्ता मनोहर साहू बने अध्यक्ष





**चिचोली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार चल रहे संगठनात्मक चुनाव के तहत तिल्दा-नेवरा इकाई का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अधिवक्ता मनोहर साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। अधिवक्ता मनोहर साहू, साहू टाइपिंग सेंटर संचालक रामजी साहू के सुपुत्र हैं। चुनाव उपरांत नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोहर साहू ने कहा कि वे नेवरा इकाई को प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाने के साथ समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने नेवरा छात्रावास को सर्वसुविधायुक्त बनाने और उसे समाज को सौंपने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष दास जी साहू ने बधाई देते हुए कहा कि नेवरा साहू समाज को राजनीति से दूर रखकर एकता और विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर मनी गुरुजी, पोषण साहू, मोहन साहू, वीरेंद्र साहू, किशोर साहू, नरेंद्र साहू, शेखर साहू, संतोष साहू, शैल महेंद्र साहू, राजेंद्र साहू सहित अनेक समाज सेवकों एवं पदाधिकारियों ने मनोहर साहू को शुभकामनाएं दीं ।

### नरेगा श्रमिकों के लिए रोजगार दिवस आयोजित, जल संरक्षण पर विशेष जोर

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग और क्यूआर कोड प्रणाली की दी जानकारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जिले में 1479 कार्यों में 3468 श्रमिक कर रहे कार्य

महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्यक्षेत्र पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। वर्तमान में कुल 1479 कार्य संचालित है जिसमें 3468 श्रमिक नियोजित है। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सभी आवास हितग्राहियों के पक्के मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण करने के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।



सभी पंजीकृत श्रमिकों की उपस्थिति में क्यूआर कोड की जानकारी दी गई जिसमें तीन वर्षो के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यो के साथ ही साथ आय-व्यय की जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। युक्त धारा पोर्टल एवं वर्ल्ड मैप के माध्यम से कार्यो का चिन्हांकन कर प्राथमिकता क्रम से कार्य स्वीकृत करने की कार्ययोजना तैयार के विषय में एवं जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता से कराये जाने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत कार्य की मांग के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए पूर्व में एनएमएमएस के माध्यम से श्रमिकों की दोनों समय की उपस्थिति दर्ज किया जाना अनिवार्य है जिसमें ग्राम एवं ग्राम पंचायत के सभी सक्रिय मजदूरों का एनएमएमएस एप्प के माध्यम से सर्वप्रथम ई-केवाईसी कराना आवश्यक है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411